संचालनालय संस्थागत वित्त, छत्तीसगढ़

इन्द्रातवी भवन, ब्लॉक–1, चतुर्थ तल, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0771–2510840, फैक्स क्र. 0771–2510841

Email : dif.cg@gov.in; adif.cg@gov.in

निविदा की शर्ते :–

1. निविदा हेतु ''निविदा प्रपत्र एवं शर्तों'' का विक्रय कार्यालय संचालनालय संस्थागत वित्त, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में राशि रुपये 100/– (एक सौ मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 08.06.20223 से दिनांक 22.06.2023 तक कार्यालयीन अवधि में किये जावेंगे।
2. निविदाकार उल्लेखित अनुपयोगी वाहन का अवलोकन कर, संतुष्ट होने के पश्चात् निविदा प्रस्तुत करें।
3. निविदा 22.06.2023 समय अपरान्ह 1:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे।
4. निविदाकारों से अनुरोध है कि कृपया दिनांक 22.06.2023 समय संध्या 4:00 बजे स्वयं या निविदाकार के प्रतिनिधि उपस्थित हों। निविदा 22.06.2023 को संध्या 4:00 बजे खोली जायेगी
5. निविदा के साथ दर्शायी गई अमानत राशि अलग से पूर्व में जमा करना आवश्यक है अन्यथा निविदा बिना खोले, निविदाकार को लौटा दी जायेगी।
6. निविदाकार द्वारा लिफाफे पर "वाहन क्रमांक सी.जी.– 02–ए–2526 की निविदा अंकित करना आवश्यक है एवं निविदा प्रपत्र केवल स्पीड–पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से संचालनालय संस्थागत वित्त, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में जमा करें।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
8. निविदा स्वीकार करने या नहीं करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है। निविदा अस्वीकार करने की स्थिति में कोई कारण नहीं बताया जायेगा।
9. निविदा स्वीकार करने पर निविदाकार को तीन दिवस में पूर्ण राशि जमा करना आवश्यक है अन्यथा अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
10. निष्प्रयोजित वाहन प्राप्त करने का अधिकार पत्र जारी होने के एक सप्ताह की अवधि में उठाना पड़ेगा अन्यथा रुपये 100/– प्रतिदिन के अनुसार किराया बतौर लिया जायेगा जो कि अधिकतम 5 दिवस तक स्वीकार किया जावेगा। पांच दिवस पश्चात् भी निष्प्रयोजित वाहन नहीं उठने पर अमानत राशि राजसात कर ली जायेगी।
11. निष्प्रयोजित वाहन की लोडिंग/अपलोडिंग, ट्रांसपोर्ट आदि खर्च निविदाकार के द्वारा वहन की जावेगी।

(अमितेश सिंह)
अपर संचालक